दिन– रविवार दिनांक– 20/04/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने पिछड़े मुस्लिम समुदाय में शिक्षा को बढ़ावा देने का समर्थन किया है। पटना के बापू सभागार में पसमांदा कांफ्रेंस को संबोधित करते राज्यपाल ने कहा कि वक्फ का मकसद चैरिटी के काम करना है। उन्होंने कहा कि वक्फ की संपत्तियों से अस्पताल, स्कूल और अनाथालय बनाने का काम नहीं हुआ।

——————————————————————————

वक्फ संशोधन कानून के विरोध में जनता दल यूनाईटेड के किशनगंज के जिलाध्यक्ष और पूर्व विधायक मास्टर मुजाहिद आलम ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। कल उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि वक्फ कानून पर वे जदयू के रूख से सहमत नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी को इसका समर्थन नहीं करना चाहिए था। मुजाहिद आलम पिछली बार लोकसभा चुनाव में जनता दल यूनाईटेड के उम्मीदवार थे। वे पिछले पंद्रह वर्षों से पार्टी से जुड़े हुए थे।

——————————————————————————

भाजपा वक्फ संशोधन कानून के फायदों को लेकर पांच मई तक प्रदेश में अभियान चलायेगी। इसके तहत विभिन्न प्रखंडों में लोगों से सीधा संवाद किया जाएगा। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि वक्फ को लेकर विपक्ष लोगों को भ्रमित कर रहा है। पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दिकी ने कल पटना में कहा कि वक्फ कानून इस्लाम के विरूद्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि यह धार्मिक नहीं बल्कि संपत्ति से जुड़ा मामला है और सरकार ने पारदर्शिता के लिए यह कानून बनाया है। इससे गरीब और पिछड़े मुस्लमानों को फायदा होगा।

——————————————————————————

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बक्सर में आयोजित एक कार्यक्रम में आरोप लगाया कि बिहार मे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार हर मोर्चे पर विफल है।

————————————————————

ईसाई धर्मावलंबी आज ईस्टर का त्यौहार मना रहे हैं। इस अवसर पर पटना स्थित पादरी की हवेली सहित प्रदेश के विभिन्न गिरजाघरों में प्रार्थना सभा और अन्य धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने ईस्टर के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अपने संदेश में कहा कि ईसा मसीह का जीवन सत्य, न्याय तथा करूणा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने लोगों से ईसा मसीह के त्याग और प्रेम के संदेश को जीवन में आत्मसात करने की अपील की। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि ईस्टर का त्यौहार नई आशा और नयी शुरुआत का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि ईसा मसीह का संदेश मानवता को प्रेम और त्याग के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है।

————————————————————

भारतीय वायु सेना की सूर्य किरण टीम बाईस और तेईस अप्रैल को एयर–शो का आयोजन करेगी। इस दौरान यातायात प्रबंधन के मद्देनजर बाईस और तेईस अप्रैल को जे.पी. गंगा पथ पर एलसीटी घाट से कृष्णा घाट तक छह घंटे तक वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। सुबह छह बजे से बारह बजे तक इस हिस्से में वाहन नहीं चलेंगे।

————————————————————

अररिया जिले में अपराध नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में बावन फरार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, जिले के सोनमणी गोदाम और सिकटी थाना क्षेत्र से पुलिस ने भारी मात्रा में नेपाली शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

————————————————————

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता में कमी बनी हुई है। इसके कारण अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। रोहतास का डेहरी लगातार दूसरे दिन प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान अड़तीस डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले चार दिनों के दौरान राज्य के अधिकांश जिलों में अधिकतम तापमान में चार से छह डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि होने की संभावना है। वहीं, किशनगंज, कटिहार और पूर्णियां में एक–दो स्थानों पर तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा के साथ हल्की बारिश और वज्रपात की आशंका है।

———————————————————————

समाप्त